# शुगर मिल के दफ्तरों पर किसानों ने जड़ा ताला

नोएडा (ब्यूरो)। भारतीय किसान यूनियन ने रविवार को नोएडा स्थित दो शुगर मिल के दफ्तरों पर ताला लगातार प्रदर्शन किया। किसानों ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार गन्ना का भुगतान नहीं कर रही है। किसानों के करोड़ों रुपये फंसे हैं। अब आरपार की लड़ाई होगी।

संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत की अगुवाई में किसान सबसे पहले सेक्टर-63 स्थित उत्तम शुगर मिल के दफ्तर पहुंचे। किसानों को देखकर वहां कर्मचारी भाग गए। किसानों ने दफ्तर में ताला जड़ दिया और बैनर टांग कर प्रदर्शन किया। ,12.30 बजे से लेकर 3.00 बजे तक किसान डटे रहे। इसके बाद किसानों की भीड़ सेक्टर-3 स्थित बजाज शुगर मिल के दफ्तर पर पहुंची। वहां पर किसानों ने ताला लगा दिया और प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। करीब



नोएडा के सेक्टर-3 स्थित बजाज शुगर मिल के दफ्तर पर ताला लगाते किसान।

3.30 से लेकर 4.30 बजे तक किसान यहां रहे। राकेश टिकैत ने कहा कि प्रदेश सरकार न तो गन्ना का भुगतान कर रही है और न ही चीनी मिलें चालू कर रही हैं। जबकि किसानों का करोड़ों रुपया फंसा है। अगर किसान पर एक हजार रुपये भी बकाया होता है तो प्रदेश सरकार आरसी जारी कर देती है, जबकि किसानों का करोड़ों का बकाया है मगर सरकार आंख बंद किए हुए है।

Amar Ujala
25-11-13